## सार-समाचार

### ‘सद्गुरू को अपने भीतर विराजित करें’

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने कहा कि सद्गुरु को अपने भीतर विराजमान करे, उनका विनय करे एवं उनकी आशातना से बचें। आज श्रीमद उत्तराध्ययन सूत्र की वांचना, विवेचना करते हुए उन्होंने कहा कि श्रावक को सदा गुरु की आज्ञा व निर्देश का पालन करना चाहिए। शिष्य को सुनने की योग्यता होने पर उसमें विकास की योग्यता प्राप्त होती है। गुरु के विनय को अपने भीतर स्थिर करें। इससे पूर्व साध्वी श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य में विनय व विवेक दोनों का होना जरूरी है। व्यवहार धर्म में विनय पहले ,विवेक से भेद ज्ञान होता है, विवेक से समभाव जागृत होगा।गुरु की आज्ञा को प्रभु आज्ञा व निर्देश मान स्वीकार करना चाहिए ।गुरु व परमात्मा में कोई अंतर नहीं है। गुरु वचनों को रूचि पूर्वक सुने। गुरु दुर्लभ है, अनमोल है। दुनिया एक तरफ ओर गुरुवाणी एक तरफ । गुरुवाणी को प्रभु आज्ञा का निर्देश मान कर तुरंत स्वीकार करना चाहिए। संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि 21 अक्टूबर तक निरंतर परमात्मा की अंतिम देशना की भक्ति की जायेगी।आज गजराज छाजेड़ ने 31 की मासखमण की तपस्या ग्रहण की।उनकी अनुमोदना में अनेक श्रावकों ने त्याग, तपस्या के पचक्खाण ग्रहण किये।26 सितम्बर से 30 सितम्बर तक दोपहर 1 बजे से 30 बजे तक प्रतिक्रमण सूत्र का अर्थ, विवेचन एवं गूढ़ रहस्य को बताने वाला शिविर रखा गया है जिसमें 8 वर्ष से ऊपर की उम्र वाले भाग ले सकते है।

### संविधान की शक्ति व शिक्षा पर की चर्चा

**पाली**, (नि.सं.)। डॉ. अम्बेडकर अनुसुचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) का राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन जयपुर स्थित राज्य कृषि संस्थान दुर्गापुरा के सियाम ऑडिटोरियम मे धुमधान से सम्पन्न’ हुआ। जिला प्रवक्ता बलवीर पांरगी ने बताया कि सम्मेलन में पाली जिला अध्यक्ष लच्छाराम वाघेला के नेतृत्व मे विभिन्न पदाधिकारियो और सदस्यों ने भाग लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष एवं रिटायर्ड आई.ए.एस. श्रीराम चोरड़िया ने की तथा संचालन रिटायर्ड आई.पी.एस सत्यवीर सिंह ने किया । सम्मेलन में पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने संविधान की शक्ति और शिक्षा के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की । जिला महासचिव मोहन लाल कुर्डिया ने बताया कि इस मौके पर पाली जिले में उत्कृट कार्य करने पर श्रीमती चीमाबाई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मिल क्षेत्र के प्रधानाचार्य दौला राम मेघवाल को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष बाबूलाल चैहान राज्य कार्यकारिणी सदस्य लीला सोलंकी, सहप्रवक्ता बस्तीराम, खीमाराम पारगी, मदन लाल बामणिया, ओम प्रकाश उदाणिया , शोभा चौहान , रामेश्वर लाल, हेमलता लीलड, कंचन, जीतराम,केसाराम माहेश, चुन्नीलाल बारसा , कमोद जोधा, जगदीश देवड़, राकेश, रामेश्वर राठौड़ आदि मौजूद रहे।

### ‘जी.एस.टी. रिफॉर्म से संबल मिलेगा’

**जोधपुर**, (कासं) । पीएम नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर सबका साथ सबका विकास की भावना के रूप नवरात्र के पावन पर्व पर संपूर्ण देश में जीएसटी के रिफॉर्म को लागू किया गया है। इससे कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल मिलेगा। यह बात संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने लूणी विधानसभा क्षेत्र के सर गांव में किसानों से कही। दरअसल, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सोमवार को जोधपुर जिले के दौरे के दौरान लूणी विधानसभा क्षेत्र के सर गांव पहुंचे तथा किसानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म पर किसानों के साथ चर्चा की। वहीं कृषि और डेयरी क्षेत्र में नेक्स्ट जेनरेशन को जीएसटी रिफॉर्म्स होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। पटेल ने किसानों को बताया कि 1800 सीसी तक के ट्रैक्टर और उसके पार्ट्स की खरीद पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगी, वहीं 15 सोर्स पावर से अधिक शक्ति के फिक्स स्पीड डीजल इंजन, कटाई या थ्रेशिंग मशीन और कंपोस्ट मशीन पर भी अब केवल पांच फीसदी थी एस टी लगेगी। इसके अलावा कीटनाशकों पर पहले जहां 18 प्रतिशत जीएसटी लगती थी अब 5 प्रतिशत लगेगी।

### किसान सम्मान व प्रदर्शनी रही यादगार

**गुड़ामालानी**, (निसं)। बाजरा अनुसंधान संस्थान, गुडामालानी में आयोजित विशेष किसान सम्मेलन और मेले में इस बार तीन पहलू सबसे ज्यादा चर्चा में रहे । किसानों का सम्मान,थार मणि ओर्गेनिक एफपीओ का स्टॉल और प्रदर्शनी, और मारवाडी राबडी की मिठास दिला देगी। कार्यक्रम में थारमणि ओर्गेनिक एफपीओ द्वारा लगाए गए आकर्षक स्टॉल व प्रदर्शनी में एफपीओ की गतिविधियों और उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी और आईसीएआर महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट ने एफपीओ के प्रयासों की सराहना की और किसान हित में इसके योगदान को प्रशंसनीय बताया। इसी दौरान एफपीओ द्वारा परोसी गई पारंपरिक मारवाडी राबडी ने सबका दिल जीत लिया। वैज्ञानिकों, किसानों और अतिथियों ने इसे बडे चाव से चखा और इस पहल की खुलकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में थारमणि एफपीओ के अन्य प्रगतिशील किसानों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान कुम्भाराम रतनपुरा, आंगनबाडी कार्यकर्ता कुंडा भगवती देवी, सजनी देवी गोयल, रूङाराम धांधलावास, नानजीराम बोस मोडावास, राजुराम कङेला गोलिया गर्वा और पारस बोगराज बारासण को उत्कृष्ट किसान प्रशस्तिपत्र सम्मानित किया गया।

### रक्तदान व चिकित्सा शिविर 5 को

**जोधपुर**, (कासं) ।श्री समस्त पीपा क्षत्रिय समाज विद्यानगर जोधपुर की ओर से विशाल रक्तदान शिविर व निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 5 अक्टूबर, रविवार को आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष भीमराज राखेचा पार्षद ने बताया है कि पीपा क्षत्रिय समाज के आराध्या गुरु संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की अर्धांगिनी सीता सहचरी की जयंती 5 अक्टूबर को समस्त देश में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष में स्थानीय विद्यानगर भवन में 5 अक्टूबर को प्रात: 9:00 बजे से 2:00 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएग। रक्तदान संग्रहण के लिए मथुरादास माथुर अस्पताल जोधपुर से एक मेडिकल टीम अपनी सेवाएं देगी. सचिव प्रकाश पवार एडवोकेट ने बताया है कि रक्तदान शिविर के साथ ही निशुल्क चिकित्सा शिविर में लोग निशुल्क चिकित्सा परामर्श का लाभ उठा सकेंगे।

### अवैध बायोडीजल के साथ दो पकड़े

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट की बोरानाडा पुलिस ने अवैध बायोडीजल के साथ दो युवकों को पकड़ा है। आरोपी बायोडीजल एक पिकअप में लेकर बेच रहे थे। पुलिस ने पिकअप में रखे ड्रमों को जब्त कर 550 लीटर अवैध बायोडीजल को बरामद किया। आरोपियों से अठिाम अनुसंधान किया जा रहा है। एसीपी बोरानाडा आनंद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि भांडूकला गांव में दो युवक पिकअप में अवैध बायोडीजल लेकर ग्राहकों को बेच रहे है। इस पर पुलिस की टीम ने वहां रेड दी। पिकअप के साथ उसमें रखे ड्रमों को पुलिस ने जब्त किया। ड्रमों में 550 लीटर अवैध बायोडीजल मिला। पुलिस ने इस संबंध में जाटों का बास रोहिला खुर्द झंवर निवासी राजेंद्र पुत्र बगताराम जाट एवं सारण नगर निवासी हेमंत भांभू को गिरफ्तार किया है। बोरानाडा थाने में इनके खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### खनन लीज धारकों को धमकाया

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के निकटवर्ती लूणी क्षेत्र में खनन लीज धारकों को फर्जी तरीके से नोटिस जारी कर वसूली के धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इसमें एक व्यक्ति को नामजद कर अब जांच आरंभ की है। आरोपी खुद का माइनिंग विभाग से जुड़ा होना बता रहा है। लूणी पुलिस के अनुसार कांकाणी निवासी मदनराम पुत्र पूनाराम मेघवाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका लूणी क्षेत्र में खनन कार्य होता है, जिसमें वह लीज धारक है। झालामंड का जगदीश नाम का शख्स फर्जी नोटिस भेज कर तंग और परेशान करता है। वह वसूली के साथ धमका भी रहा है। गत 14 जुलाई को उसे फर्जी और मनगढंत नोटिस भेजा गया और कार्रवाई के लिए धमकाया गया। लूणी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है। आरोप है कि जगदीश खुद को माइनिंग विभाग से जुड़ा होना बताता है।

### भूल से पीया तेजाब, अस्पताल में मौत

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित सेक्टर 17 में रहने वाले एक युवक ने दवाई के बदले भूल से तेजाब का सेवन कर लिया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, अब उसकी मौत हो गई। उसकी पत्नी की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि सेक्टर 17 में रहने वाली मृतक की पत्नी दीपिका चौहान की तरफ से रिपोर्ट दी गई।

# शारदीय नवरात्र शुरू, मेहरानगढ़ दुर्ग में उमड़े श्रद्धालु

**जोधपुर**, (कासं) । आज शारदीय नवरात्र आरंभ हो गए। सुबह शुभ मुहूर्त में लोगों ने अपने अपने घरों में घट स्थापना की। माता के भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई। घरों में हवन यज्ञ के साथ सुबह शहर के माताजी मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना हुई। मेहरानगढ़ दुर्ग में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों से लेकर बड़ों ने माता चामुण्डा के दर्शन किए। मंदिर सुबह सात बजे खुला था। दर्शन की व्यवस्था शाम पांच बजे तक रही।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासक कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि सतवर्ती पाठ का संकल्प और थापना का मुहूर्त सुबह 12.05 से 12.53 बजे के बीच में पूर्व नरेश गजसिंह व पूर्व महारानी हेमलता ने इस मुहूर्त के अनुसार मेहरानगढ़ के चामुंडा माता मंदिर में दर्शन किए।

मंदिर में प्रात : 7 बजे से जयपोल व फतेहपोल के द्वार दर्शनार्थियों के लिए खोल दिए जाएंगे व शाम 5 बजे तक दर्शनों की व्यवस्था रहेगी। पूरे नवरात्रा के दौरान यही व्यवस्था रहेगी। जयपोल के बाहर से ही एक पंक्ति में लाइनों की व्यवस्था की गई जो मंदिर तक रहेगी तथा डीएफएमडी गेट से ही जयपोल व फतेहपोल से दर्शनार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। पट्टे पर महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों के लिये आने-जाने की व्यवस्था की गई है । इसी प्रकार पुरुषों एवं युवाओं के लिये सलीम कोट से होते हुए बसन्त सागर से आने-जाने की व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासक कर्नल अजय सिंह शेखावत , महाराजा उम्मेद सिंह रिलिजियस ट्रस्ट के सचिव कल्याण सिंह राठौड़ , वरिष्ठ प्रबंधक ( वित्त) अरुण कुमार अठावाल, वरिष्ठ प्रबंधक ( इंजीनियरिंग ) शैलेश माथुर, निदेशक आईसीआई लैब सुनील लगाटे वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा ) किशनवीर सिंह राठौड़ , सहायक निदेशक महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केंद्र डॉ महेंद्र सिंह तंवर, मैनेजर ( संस्कृति ) गर्मांशु बोहरा , मैनेजर ( एचआर ) ओम प्रकाश गेपाला व सहायक प्रबंधक (मेहरानगढ़ शॉप ) चैन सिंह ने महाराजा गज सिंह जी व महारानी हेमलता राज्ये जी की अगवानी की। । मंदिर परिसर में शहनाई वादक उमर व रमजान ने चामुंडा माता की आस्था में शहनाई वादन किया ।

महाराजा उम्मेद सिंहजी रिलिजियस ट्रस्ट के सचिव कल्याण सिंह राठौड़ ने बताया कि चामुण्डा मंदिर के बसंत सागर के पास नौ वेदपाठी ब्राह्मण स्थापना से 30 सितंबर तक दुर्गापाठ का वाचन करेंगे ।

नवरात्र के अंतिम दिन से पूर्व होमाष्टमी की रात हवन प्रारंभ किया जायेगा जिसकी पूर्ण आहुति 1 अक्टूबर नवमी को प्रात: 11.15 से 11 . 50 बजे के बीच में गजसिंह एवं हेमलता राज्ये द्वारा की जायेगी व गज सिंह की तिलक आरती प्रात: 11. 51 से 12 .01 तक व नवमी को प्रात: 12.05 से 12.15 के बीच थापना जी के उत्थापना का मुहूर्त होगा।

मंदिर में अगले नौ दिन तक वेदपाठी मां दुर्गा सप्तशती पाठ का वाचन करेंगे। नवरात्रा के अंतिम दिन से पूर्व होमाष्टमी की रात हवन प्रारंभ किया जायेगा जिसकी पूर्ण आहुति एक अक्टूबर होगी।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात दुर्गाराम चौधरी ने बताया कि किले पर चढने का मार्ग (एक तरफा) तिपहिया व चारपहिया वाहन नागौरी गेट से किला रोड होकर मेहरानगढ़ की तरफ जायेगें वापस इस रास्ते से नही उतरेगें एवं बसें, सिटीबसें, टेम्पो ट्रैवल्स वाहन इस रास्ते से नही चढ़ेंगे। यह वाहन बालसंमद से राव जोधा मार्ग होते हुए आ-जा सकेगें।

किले पर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन बालसंमद तिराहा से राव जोधा मार्ग होते हुए आ-जा सकेंगे। किले से उतरने का मार्ग समस्त प्रकार के तिपहिया व चारपहिया वाहन किले से विद्याशाला मोड़ सूरसागर एवं राव जोधा मार्ग बालसंमद की तरफ उतरेंगे। सूरसागर विद्याशाला की तरफ से दुपहिया, चारपहिया वाहन के अलावा बसें, सिटीबसें, टेम्पो ट्रैवल्स वाहन किले पर नहीं चढेंगे।

संसदीय कार्य मंत्री ने नवरात्र के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा नवरात्र का पर्व हमें शक्ति स्वरूपा मां जगदम्बा की आराधना की प्रेरणा देता है।

# घट स्थापना के साथ नवरात्र महोत्सव का आगाज

**जालोर**, (कासं)। जिलेभर में घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव का आगाज हुआ।

जालोर में नवरात्र महोत्सव को लेकर भक्तो में उत्साह नजर आया। सोमवार को मॉ अम्बे के भक्तो ने घर घर शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर पूजा अर्चना की । वही जालोर शहर के चामुण्डा माता मंदिर, कालका माता मंदिर, खिमज माता मंदिर, क्षेमकारी माता मंदिर सहित शहर के समस्त माँ दुर्गा के मंदिरो में भक्तो ने पूजा अर्चना कर सुख समद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नौ दिन तक नवरात्रा महोत्सव के तहत गरबा नृत्य की धूम मची रहेगी।

जालोर शहर के कई गली मोहल्लो में विभिन्न संगठनो की ओर से गरबा पांडाल को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। नौ दिन गुजराती, राजस्थानी व हिन्दी गीतो की भक्तिमय गरबा की धुन पर युवक व युवती मॉ दुर्गा की भक्ति में लीन होकर गरबा नृत्य करेगो वही शाम ढलते ही गरबा पांडालो में भक्तो की भीड नजर आने लगी है। जिलेभर में नवरात्रा महोत्सव को लेकर भक्तो में उत्साह व उमंग देखने को मिल रही है।

नवरात्र महोत्सव की पावन शुरुआत माली समाज सोलंकी लायसा परिवार सेवा संस्थान जालोर द्वारा बडे हर्षोल्लास और श्रद्धा-भक्ति के साथ की गई। संस्था अध्यक्ष जुठाराम सोलंकी के नेतृत्व में क्षेमंकरी माताजी मंदिर, प्रेम नगर प्रांगण में विधि विधानपूर्वक घट स्थापना व पूजा-अर्चना सम्पन्न हुई।

संस्थान के मंत्री सुरेश सोलंकी ने बताया कि परम्परानुसार 22 सितम्बर, सोमवार प्रात: 11 बजे पंडित के मंत्रोच्चारण एवं वैदिक विधि के साथ घट स्थापना कर नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर माताजी मंदिर प्रांगण भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। उन्होंने आगे बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन माताएं और बहनें गरबा एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देंगी। वहीं समाज के युवा कार्यकर्ता आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कायक्रम संयोजक छोगाराम माली, गोपाराम माली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनलाल माली, उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, कोषाध्यक्ष कमलेश सोलंकी, कालूराम, तेजाराम सोलंकी, राजूराम, पुराराम माली, नरेंद्र कुमार, रामराम सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे।

महोत्सव को लेकर समाज के बीच उत्साह का विशेष माहौल है और आने वाले दिनों में गरबा, भजन संध्या तथा विविध धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पाठ्यक्रम में यशोगाथा पुन : लेने की मांग

**जालोर**, (कासं)। हैफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत की शहादत की यशोगाथा को पाठयक्रम से हटाने पर जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन के सैक्रेटरी जनरल लाल सिंह सांखला ने सोमवार को केंद्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर हैफा हीरो की जीवनी को पुन: पाठयक्रम में शामिल करवाने की मांग की है।

सांखला ने बताया कि प्रथम विश्व युद्ध में मेजर दलपत सिंह शेखावत (राजस्थान के मारवाड के सपूत) के रणनीतिक कौशल बौद्धिक चातुर्य अदम्य साहस और वीरता ने हैफा का अमिट इतिहास लिख दिया था। हाईफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली के 107 वे बलिदान दिवस पर जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा की ओर से एक विशाल सम्मेलन 23 सितंबर को जालोर क्लब के पास स्थित मलकेश्वर मठ मैदान में होगा।

## खेलकूद संपन्न

**जालोर**, (कासं)। जालोर में एयू बनो चैंपियन पांचवीं ग्राम स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ।

मारवाड योद्धा जोन के पर्यवेक्षक कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि मारवाड योद्धा जोन में भीनमाल, सुमेरपुर,आहोर,बादनवाडी व हनुमान नगर लोकेशन सहित पूरे राजस्थान की 65 से अधिक लोकेशन पर दो दिनों तक विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जालोर में यह आयोजन आर्य वीर दल की वीरम व्यायामशाला में शनिवार को वूशु खेल से हुआ। जहां मुख्य अतिथि चार बार की पार्षद सुशीला भादरु थी। समापन के मुख्य अतिथि जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी थे। अध्यक्षता प्रारंभिक शिक्षा खेलकूद विभाग के प्रभारी शिवदयाल मीणा ने की।

# ओरण बचाओ रैली को कई मठों का समर्थन मिला

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले की ओरण टीम द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने दिया जा रहा अनिश्चित कालीन धरना लगातार सातवें दिन जारी रहा।

पर्यावरण प्रेमी सुमेरसिंह सांवता ने बताया कि 26 सितम्बर को ओरण बचाओ रैली को ख़्याला मठ के गुरु गोरखनाथ सहित कई मठो का समर्थन मिला है सिँह ने बताया कि बैशाखी मठ के महंत कमल भारती महाराज के शिष्य नारायण भारती महाराज भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ओरण टीम का समर्थन करते हुए जिले वासियों से अधिक से अधिक संख्या में ओरण बचाओ जन आक्रोश रैली में भाग लेने का आहवान किया।

इसके साथ ही गजरुप सागर मठ के महंत बाल भारती महाराज भी धरना स्थल पर पहुंचे। सुमेरसिंह भाटी ने बताया कि ओरण टीम के धरने को जिले भर से विभिन्न संगठनों द्वारा भरपूर समर्थन मिल रहा है।धरने पर सुमेरसिंह सांवता, कुंदनसिंह मोकला, भोपालसिंह झलोड़ा, दुर्गसिंह सत्याया, सुजानसिंह सलखा, रेवंतसिंह पारेवर, चतुरसिंह दवाड़ा, अमरसिंह खुहड़ी, अनोपसिंह बडोड़ा गांव, मनोहरसिंह मोकला, भोमसिंह भैसड़ा, मानाराम कंडेल, सवाईसिंह राघवा, लीलुसिंह बड्डा, पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल, आनंदसिंह पडिहार, देवीसिंह कोहरा, हाथीसिंह मुलाना, कंवराजसिंह रामगढ़, जुगतसिंह करणोत, मुरलीधर खत्री, नरेंद्रसिंह रुपसी, प्रेमसिंह सेलत, विरेन्द्रसिंह, हाथीसिंह, रतनसिंह, सांवलसिंह, भरतसिंह मोकला व तनसिंह भेलाणी आदि कई पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि ओरण गोचर की जमीनों को रेवेन्यू रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग को लेकर पर्यावरण प्रेमी कलेक्ट्रेट के सामने धरना दे रहे हैं।

# पाली में अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। श्री महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर सोमवार को अग्रवाल मंडल की ओर से भव्य शोभा यात्रा सुबह 9 बजे फतेहपुरिया पोल से बैंड बाजा के साथ रवाना हुई।

शोभा यात्रा में पहली बार दिल्ली से आए कलाकारों ने करीब आधा दर्जन से ज्यादा विभिन्न झांकियां में राधा कृष्ण, शंकर पार्वती, हनुमान गणेश, विष्णु भगवान, बर्बरीक का रूप धरकर बैठे थे। समाज की महिलाएं भजनों पर नृत्य कर रही थी। अग्रवाल मंडल, अग्रवाल युवक मंडल व समाज के लोग सफेद वस्त्र पहने गले में केसरिया दुपट्टा लगे भगवान अग्रसेन के जयकारे लगाते चल रहे थे।

अंत में फूलों से सजी भगवान अग्रसेन की झांकी को श्रद्धालु खींच रहे थे, जिसका जगह-जगह पर विभिन्न समाज की ओर से पुष्प वर्षा कर शीतल पेय पिलाकर आइसक्रीम खिलाकर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, अग्रवाल मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, अनिल गुप्ता, अरुण गुप्ता, गिरीश अग्रवाल नवरत्न अग्रवाल सहित समाज के लोग साथ थे। शोभायात्रा फतेहपुरिया पोल से चेतना रेस्टोरेंट, रामबास बादशाह का झंडा, सराफा बाजार, से पानी दरवाजा होते हुए अग्रासेन भवन पहुंचकर संपन्न हुई। अग्रसेन वाटिका में प्रसादी की गई।

## मंदिरों में भीड़

**पाली**, (नि.सं.)। शारदीय नवरात्र का आगाज आज हुआ। देवी मंदिरों में पंडितों द्वारा विधि विधान से घट स्थापना की गई, वहीं शहर वासियों ने अपने घर माताजी की प्रतिष्ठा की। पूरे 9 दिन तक पूजा अर्चना की जाएगी।

कई गरबा पंडालों में देवी प्रतिमा ढोल धमाकों के साथ विराजमान की गइ। सोमनाथ मंदिर स्थित पायल माता अंबे माता, पानी दरवाजा इच्छा पूर्ति माताजी, मंदिर करणी माता, मानपुरा भाकरी माताजी का मंदिर, पुनगर भाकरी चामुंडा माता सहित मंदिरों में भीड़ रही कई मोहल्ले में गरबा डांडिया नृत्य को लेकर पंडाल सज गए। जहां देर रात्रि तक गरबा आयोजन होगा।

# सुमेरपुर ब्लॉक में फरवरी तक 20 ओवरहैड टैंक निर्माण का लक्ष्य

**पाली**, (नि.सं.)। सुमेरपुर ब्लॉक के 45 गांवों को आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। इस ब्लॉक में 20 नए ओवरहैड टैंकों के निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

स्थानीय विधायक एवं पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की ओर से न केवल इन कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है, बल्कि औचक निरीक्षण कर उनकी गुणवता को भी सुनिश्चिति किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री कुमावत ने अपने पाली प्रवास के दौरान पोमावा में निर्माणाधीन टंकी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही मौजूद एसडीएम कालूराम कुम्हार व पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरी गुणवता के साथ निर्धारित अवधि में ही कार्य पूरे किए जाएं, ताकि आगामी ग्रीष्म ऋतु में इन गांवों के लोगों को स्वच्छ, शुद्ध व पर्याप्त पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के पश्चात कुमावत ने बताया कि ग्रामीण इलाके के घरों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उदेश्य से जवाई बांध आधारित पेयजल परियोजना (कलस्टर-1) जल जीवन मिशन (जेजेएम) 99 विलेज स्कीम के तहत वर्ष-2024-25 में ये कार्य स्वीकृत हुए थे। जेजेएम की 99 विलेज स्कीम के तहत 112 करोड़ रुपए की लागत से सुमेरपुर, सोजत, बाली व मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र के 99 गांवों व 100 ढाणियों में 33 ओएचएसआर, एक सीडब्लयूआर व दो पंप हाउस के निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। कुमावत ने बताया कि सुमेरपुर ब्लॉक के 45 गांवों के लिए 20 ओएचएसआर के निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। पावा, गोगरा, बांकली, खिवांदी, जाखोड़ा, कोलीवाड़ा, नोवी, बांगड़ी, दुजाना, कोसेलाव, धनापुरा, मोरडू, नयाखेड़ा, सलोदरिया, बलुपुरा, बिठिया, पोमावा, रोजड़ा, सिंदरू, पुराड़ा के कार्य प्रगति पर हैं। इन गांवों में 50 हजार लीटर से लेकर 2 लाख लीटर क्षमता के ओवरहैड टैंकों का ज्यादातर निर्माण कार्य पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि केवल मात्र पोयणा में ओवरहैड टैंक का निर्माण कार्य प्रारंभ होना शेष है।

## सार-समाचार

### अम्बाजी धाम पर चढ़ाई ध्वजा

**सायला**, निसं)। श्री जय अम्बे जैन भक्त मंडल दियावट-बैंगलोर के तत्वावधान में सायला से अम्बाजी धाम गुजरात, अखंड सत्रहवीं पैदल यात्रा जैन संघ द्वारा सोमवार को अम्बाजी धाम मन्दिर पर ध्वजा चढ़ाई गई। आयोजन समिति के अनुसार सायला से अम्बाजी धाम गुजरात के लिए 15 सितंबर को पैदल संघ रवाना हुआ था। संघ में सुसज्जित रथ में अम्बे माता की तस्वीर विराजित थी तथा प्रतिदिन प्रात: एवं सांयकाल को अम्बे माता की आरती होती थी। इसके बाद सभी श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करते थे। संघ में सभी श्रद्धालु डीजे की सुमधुर स्वरलहरियों एवं भक्ति गीतों पर झूमते हुए उत्साह के साथ चल रहे थे। जो बाकरारोड, नून, रामसीन, जीरावला, दतानी तीर्थ, आबुरोड होते हुए अम्बाजी धाम पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं द्वारा मन्दिर में दर्शन वंदन के बाद ढोल ढमाकों के साथ शिखर पर 52 गज लम्बी ध्वजा चढाई गई। पैदल यात्रा संघ का लाभ संघवी मातुश्री मिश्रीदेवी देवीचंद लुंकड परिवार दासपां ने लिया था जिनका साफा एवं माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर बहुमान किया गया। संघ में 151 श्रद्धालु शामिल थे। इस दौरान महेन्द्र फोलामुथा, रिखब सोलंकी, ललित छत्रगोता, सुरेश पालगोता, चंपालाल, प्रकाश, तगराज, दिनेश, सुरेश छत्रगोता, रमेश प्रागानी, फतेहचंद गांधीमुथा, कमलेश कबदी, कांतिलाल चौपडा, अशोक भंडारी व प्रकाश कुमार समेत श्रद्धालु मौजूद रहे।

### हरनी अमरापुरा में प्रतियोगिता संपन्न

**रेवदर**, (निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिया माता, हरनी अमरापुरा में 69 वी परिक्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2०25 के समापन समारोह में पूर्व विधायक जगसी राम कोली, जिला उपाध्यक्ष प्रकाशरावल, रेवदर मंडल अध्यक्ष पंचाल, दशरथ सोनी मंडल महामंत्री, सीताराम पंवार, गमना राम कोली, छगन रावल, आशुतोष व्यास, संस्था प्रधान रमेश कुमार प्रतियोगिता के भामाशाह खाना व्यवस्था जबरसिंह देवडा एवं ठाकरी राम रेबारी,इनाम व्यवस्था पोसराम रेबारीएवं गोपाल राम रेबारी, साफा व्यवस्था छेल सिंह दहिया, बैनर व्यवस्था गोपालराम ई मित्र अमरापुरा, साफ सफाई व्यवस्था दलपत सिंह , दीपाराम चौधरी, हरि सिंह , साउंड व्यवस्था अर्जुन सिंह एवं माला व्यवस्था हंसाराम प्रजापत, पानी व्यवस्था नारायण , टेंट व्यवस्था एसएमसी सदस्यों द्वारा की गई। प्रतियोगिता में 25 विद्यालयों के 258 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें कबड्डी छात्र-छात्रा वर्ग में रायपुर, खो- खो छात्र-छात्रा वर्ग में जालमपुरा, 100 मीटर दौड में नितेश कुमार व वंदना कुमारी। 50 मीटर दौड में नरेश कुमार तथा ममता कुमारी , लंबी कूद में भावेश कुमार तथा भूमिका कुंवर विजेता रहे।

### मगरीवाड़ा में बाण माताजी का दरबार

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के समीपवर्ती गांव मगरीवाडा में सोमवार को शुभ मुहूर्त में शारदीय नवरात्रि की घट स्थापना विधि-विधान से की गई। घट स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव की शुरुआत हो गई, जिससे गांव में भक्तिमय माहौल छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह से ही श्रद्धालु बाण माताजी मंदिर में पहुंचकर माताजी के जयकारे लगाते हुए पूजा-अर्चना में जुटे। नवरात्रि को लेकर गांव के प्रमुख मंदिर और पहाडी पर स्थित बाण माताजी मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बाण माताजी मंदिर परिसर में रंग-बिरंगी रोशनी, फूल-मालाओं और झिलमिल लाइटों से सजे पांडालों ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोशल मीडिया से जुडे भक्तों के सहयोग से माँ का दरबार सजाया गया। आने वाली 3० सितंबर को चतुर्थ वर्षगांठ पर विशाल भजन संध्या होगी ओर 1 अक्टूबर को चतुर्थ वर्षगांठ मनाएंगे एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

### रेवतड़ा में नवीन फीडर पर बी.सी.बी. शुरू

**सायला**, (निसं)। सायला निकटवर्ती रेवतडा स्थित डिस्कॉम के जीएसएस पर सोमवार को नवीन कृषि फीडर पर बीसीबी का शुभारंभ किया गया। आलासन के कृषि कनेक्शनों पर लम्बे समय से वोल्टेज की समस्या बनी हुई थीं। जिसके कारण रात्रि को सिंचाई के समय काफी परेशानी होती थी। जिसके समाधान के लिए किसानों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अवगत कराया था। जिसके बाद रेवतडा जीएसएस नवीन फीडर पर बीसीबी स्वीकृत कराया। सोमवार को आलासान के ग्रामीणों की उपस्थिति पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। किसानों ने किसान हित में नवीन फीडर शुभारंभ पर आभार जताया। साथ ही कहा कि इससे किसानों को सीजन में काफी राहत मिलेगी। इस एक्सईएन लालचंद वर्मा, पूर्व जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित सरपंच गीतादेवी गर्ग, नैनसिंह आलासन, पूर्व प्रधान हडमतसिंह सोढा, कनिष्ठ अभियंता मोहित शर्मा, नरपतसिंह राजपुरोहित, चुन्नीलाल आदि उपस्थित थे।

### शक्ति मंदिरों समेत घर-घर घट स्थापना

**सायला**, (निसं)। सायला उपखंड मुख्यालय सहित क्षेत्रभर में सोमवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन शक्ति मंदिरों में शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर घट स्थापना की गई। इस मौके सायला के अम्बे माता मंदिर, कात्यायनी माता मंदिर, भटियाणी माता मंदिर, वालेरा के सुभद्रा माता मंदिर, बावतरा के कैवाय माता मंदिर, थलवाड के निम्बेश्वरी माता मंदिर, चौराऊ के खणेशी माता मंदिर, ओटवाला के बाणमाता मंदिर, वीराना के सुंधा माता मंदिर, आलासन के चामुंडा माता मंदिर में माताजी का विशेष श्रृंगार कर शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर घट स्थापना की गई। इसीप्रकार रेवतडा के बावडी धाम स्थित राजपुरोहित जागरवाल गोत्र की कुलदेवी मां ज्वाला देवी मंदिर में विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। वही घरों में भी श्रद्धालुओं द्वारा घट स्थापना कर खुशहाली की कामना की गई।

### जूडो-जिम्नास्टिक प्रतियोगिता शुरू

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती स्कूल में सोमवार को शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 69 वी जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्र छात्रा जूडो एवं जिम्नास्टिक प्रतियोगिता की शुरुआत हुई । विधालय के निदेशक के .एन भाटी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविन्द्र सिंह बलावत पूर्व अध्यक्ष भाजपा और सरपंच डांगरा चौपाराम ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर खोरवाल एसीबीईओ, प्रकाश दवे की। प्रतियोगिता संयोजक उदय सिंह चौहान खिलाडियों के खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुरेन्द्र नाग ने 22 से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का प्रतिवेदन दिया। कुल 211 खिलाड़ियों सहित स्थानीय विद्यालय शिक्षक उपस्थित रहे।

### मदन राठौड़ ने पाली में घट स्थापना की

**पाली**, (नि.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ दो दिवसीय पाली यात्रा पर है। उन्होंने सोमवार सुबह पाली निवास पर घट स्थापना की। राठौड ने परिवार सहित मां भगवती की पूजा, आराधना कर राज्य में खुशहाली की कामना की। इस दौरान पाली शहर के कई कार्यकर्ता और नेता पहुंचे, जिनसे उन्होंने मुलाकात की।


कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) जि.प. जालोर

Email ID :- JDAGRZP.JALORE.AGRI@RAJASTHAN.GOV.IN

Phone No. 02973-222242

क्रमांक - एफ ( ) / संयुनिकृ / निविदा / 2025-26/ 3982 दिनांक :-19/09/2025

::- खुली निविदा सूचना ::-

कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजनान्तर्गत जारी दिशा निर्देश एवं पत्र क्रमांक 6499-6551/27.08.2025 द्वारा दिये गये दिशा -निर्देशो एवं लक्ष्यानुसार जिले में कृषकों का आन / आफ कैंपस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है । अत: आयोजन में अल्पाहार, भोजन एवं स्टेशनरी आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूतिकर्ता / फर्म / विक्रेता अपनी निविदा निम्नानुसार दिनांक व समय पर कार्यालय समय में निर्धारित निविदा प्रपत्र प्राप्त कर बंद लिफाफों में प्रस्तुत करे ।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम दिनांक व समय | 25-09-2025 | 11:00 AM |
| निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | 25-09-2025 | 02:00 PM |
| निविदा खोलेने की दिनांक व समय | 26-09-2025 | 05:30 PM |

| क्र.सं | नाम सामग्री | अनुमानित मूल्य रु | बोली प्रपत्र शुल्क रु | प्रतिभूति राशि (केवल डीडी स्वीकार्य ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पाहार व्यवस्था | 900000/- | 500/- | रु 18000 |
| 2 | स्टेशनरी किट | 150000/- | 200/- | रु 3000 |

निविदा से सम्बधित सभी विवरण एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है ।

NIB Code - AGR2526A0458

UBN No. -AGR2526SSOB00501
AGR2526GSOB00502

(रामलाल जाट)
संयुक्त निदेशक कृषि (वि.)
जि.प. जालोर